







नवभारत

इंदौर, बुधवार, 20 अगस्त 2025




## वर्षा से प्रभावित ग्रामों में विधायक ने भ्रमण कर जाना हाल, सहायता के लिए किया आश्वस्त



**पानसेमल।** जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम जलगोन, बंधारा, रामपुरा, देवघर जैतपुरा एवं अलखड़ में हुई अति वृष्टि से फसलों, मकानों सहित अन्य नुकसान का विधायक श्याम बरडे ने जायजा लिया। प्रभावित ग्रामवासियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के माध्यम से किसानों एवं आम नागरिकों के नुकसान की भरपाई के लिए सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा। आश्वासन दिया कि संकट की इस घड़ी में वे स्वयं, शासन और प्रशासन पूरी तरह से आमजन के साथ खड़े हैं। इस दौरान तहसीलदार सुनील सिसोदिया, नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे, पटवारी सोलंकी, योगेश जैन, जलगोन सरपंच प्रतिनिधि अजय आर्य, बीजेपी मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, कन्हैयालाल जैन, राजू वाघ, लाला जोशी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फोटोग्राफरों ने मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस



**बड़वानी।** फोटोग्राफर एशोसिएशन द्वारा बंधान रोड़ स्थित वन नगर में विश्व फोटाग्राफी दिवस मनाया गया। स्थानीय फोटोग्राफ एकत्रित हुए और एक-दूसरे को विश्व फोटोग्राफी दिवस की बधाई दी एवं केक काट कर मुह मिठा कराया। वरिष्ठ फोटोग्राफर ओम गुप्ता, चंदु सोनी, हरिओम निमाड़े ने पुरानी फोटोग्राफी से लेकर अब तक की नवीन टेक्नोलोजी के बारे में बताया साथ ही फोटोग्राफर ने एकजुट होकर लो ड्रायविंग एवं नशे से दूर रहने का संकल्प लिया एवं दूसरों को भी प्रेरित किया। वरिष्ठ फोटोग्राफर हिमेश निमाड़े ने बताया कि एआई की मदद से फोटोग्राफी को और ऊंचाई पर ले जा सकते हैं।

## जनसुनवाई में एसपी ने सुनी जनता की आवाज



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित हुई। जिसमें एसपी जगदीश डावर (भापुसे) ने आमजनों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। एसपी डावर ने स्पष्ट कहा कि हर शिकायत का समाधान वैधानिक प्रक्रिया के तहत 7 दिनों में होना चाहिए। जनता का भरोसा समयबद्ध कार्रवाई से ही मजबूत होता है। वहीं पिछली सुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो और शिकायतकर्ताओं को समय-समय पर कार्रवाई की जानकारी दी जाए।

# ऑनलाइन सिस्टम व्यवस्था की समीक्षा

### एसपी ने किया आईसीजेएस क्रियान्वयन और डिजिटल एकीकरण विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन





**बड़वानी, ( नवभारत )।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में 19 अगस्त को पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर (भापुसे) ने आईसीजेएस क्रियान्वयन और डिजिटल एकीकरण विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे पायलट प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक से पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और जनता को त्वरित सेवा देना हमारा उद्देश्य है।

पुलिस द्वारा ई-एफआईआर, ई-समन्स, ई-विवेचना, ऑनलाईन चालान, मेडलेपार पोर्टल पर एमएलसी व पीएम रिपोर्ट सहित पुलिस कार्य अब आईसीजेएस के माध्यम से ऑनलाइन किए जा रहे हैं। वहीं ई-साक्ष्य एप के जरिए आपराधिक रिकॉर्ड की पहचान और केस की विवेचना में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

कार्यशाला के दौरान नेटवर्क समस्या और संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस पर एसपी श्री डावर ने आश्वासन दिया कि इन बाधाओं को शीघ्र दूर कर इस प्रोजेक्ट की सफलता सुनिश्चित की जाएगी। एसपी डावर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अधीक्षक केंद्रीय जेल शेफाली तिवारी, एएसपी धीरज बब्बर, राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, सीएमएचओ, चिकित्सक, अभियोजन शाखा एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित था।

### एएसपी ने दिखाई हरी झंडी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व मप्र पुलिस विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एएसपी धीरज बब्बर ने साइबर जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो आमजनों को साइबर अपराधों से बचाव व सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी देगी। एएसपी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। जनता जितनी सतर्क होगी, उतनी सुरक्षित रहेगी।

**एसपी ने किया निर्देशित**
- बैठक में एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया।
- एएसपी ने दी जानकारी।

# जागीरदारपुरा में हो रहा नवीन घाट का निर्माण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नर्मदा तट स्थित जागीरदारपुरा में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां नर्मदा जी के 138 मीटर के लेवल पर घाट का निर्माण हो रहा है। घाट निर्माण समिति अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि बारिश के दिनों में नर्मदा तट पर स्नान करने में दिक्कत होती थी। जिसे देखते हुए इस कार्य को कराया जा रहा है।

इस घाट के निर्माण हो जाने से अब करीब 6 महीने नर्मदा जी का जल स्तर सरदार सरोवर डेम के बैक वॉटर के चलते अधिक रहेगा। उस समय इस घाट पर आकर नर्मदा जी के किनारे स्नान पुजन, अर्चन और अन्य कार्य हो सकेंगे। अजय ठाकुर ने बताया कि जो भी नर्मदा भक्त इस पुनीत कार्य में सहयोग देना चाहते हैं, वह यहां चल रहे कार्य को देखकर दान राशि दे सकते हैं।



## 22 तक ले सकेंगे प्रवेश

**बड़वानी।** आईटीआई में प्रवेश सीएलसी राउंड में नवीन पंजीयन त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग 22 अगस्त तक विभागीय पोर्टल से हो रहे है। शासकीय आईटीआई प्राचार्य कैलाश पटेल ने कहा च्वाईस फिलिंग में अधिकतम 5 व्यवसाय का चयन कर सकते हैं एवं 25 को कार्यालयीन समय में च्वाईस फिलिंग अनुसार किसी एक आईटीआई की किसी एक ही व्यवसाय के लिए उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे।

# 22 को होगी प्रवेश प्रक्रिया

**सेंधवा, ( नवभारत )।** वीर बलिदानी खाज्या नायक शास स्नातकोत्तर महा में संचालित एनसीसी इकाई में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश के लिए प्रक्रिया 22 अगस्त को होगी। प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर से आए पीआई स्टॉफ द्वारा सुबह 9 बजे से शारीरिक परीक्षण किया जाएगा।

जिसमें दौड़, पुशअप्स, चीन अप्स आदि शारिरिक टेस्ट के बाद विद्यार्थियों की हाइट एवं वजन की जांच के बाद एनसीसी में प्रवेश दिया जाएगा। एनसीसी प्रभारी प्रो लेफ्टिनेंट संजय चौहान ने कहा कि प्रवेश के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, साहस, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, खेलभावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को विकसित करना है, ताकि उन्हें उपयोगी नागरिक बनाया जा सके।



**एक नजर में** — महाराष्ट्र मंडल ब्राह्मण समाज आयोजित कर रहा सात दिवसीय कथा का मंगलवार को दूसरा दिन

# रूद्राभिषेक की महिमा का किया वर्णन




**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा 20 अगस्त.** महाराष्ट्र मंडल ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन परम पुज्य आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण को पुराणों का पुराण कहा जाता है, जिसे स्वयं भगवान महादेव ने रचा और वेदव्यास ने प्रकट किया। इसमें 7 संहिताएं और 24 हजार श्लोक शामिल हैं। प्रवचन के दौरान उन्होंने बताया कि प्रथम संहिता विद्येश्वर संहिता है, जिसकी शुरुआत मंगलाचरण से होती है और जिस ग्रंथ में मंगलाचरण हो, वह अमर हो जाता है।

कथा में पार्थिव शिवलिंग की उत्पत्ति, रुद्राभिषेक की विधि और बिल्वपत्र की महिमा का विस्तृत वर्णन किया गया। पंडित त्रिपाठी ने एकमुखी से चौदहमुखी रुद्राक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र की महत्ता समझाई। उन्होंने बताया कि महामृत्युंजय मंत्र का जप सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है और भगवान शिव अकारण ही प्रसन्न होने वालेए भोले और शीघ्र करुणा करने वाले देवता हैं।

कथा में समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे और श्रद्धा भाव से प्रवचन सुना। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने पंडित त्रिपाठी का स्वागत किया। सदस्यों में अनिल वाघ, छोटू चौधरी, महेश मित्तल, राधेश्याम अग्रवाल, गोपी अग्रवाल, मकरंद ओक, मंगला पंडित, मनोरमा लोनारी, डॉ नीलिमा पवार, विमला वाघ सहित महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज के कई सदस्य शामिल हुए।

**दूसरे दिन दिया प्रवचन**

7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन परम पुज्य आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रवचन दिया।

**एक नजर में**

## सूने घर से लाखों के जेवर किए चोरी

**इंदौर.** मानपुर थाना क्षेत्र के बड़ा कांकरिया गांव में अज्ञात चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए. 50 वर्षीय फरियादिया गवराबाई ने पुलिस को बताया कि दोपहर से शाम के बीच बदमाश दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे और लोहे की पलंग पेटी में रखी छोटी पेटी का ताला तोड़ दिया. वहां से सोने का मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, 25 सोने के मोती, 30 जोड़ी चांदी की झुमकियां, दो चांदी के कड़े, तीन जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी पायजेब, चार चांदी की चेन, तीन गुच्छे, पांच गले की चेन और एक जोड़ी मछली डिजाइन की चांदी की झुमकी चोरी हो गई. मानपुर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## शातिर बदमाश समीर उर्फ सैंडी को किया जिलाबदर

**इंदौर.** आपराधिक गतिविधियों में लगातार लिप्त रहने वाले बदमाश 35 वर्षीय समीर उर्फ सैंडी पिता रफीक निवासी काली पुलिया, थाना आजाद नगर, पर सख्त कार्रवाई की गई है. पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर ने ने उसे छह माह की अवधि के लिए इंदौर नगरीय क्षेत्र, देहात एवं आसपास के सीमावर्ती जिलों से प्रतिबंधित कर जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है. पुलिस थाना आजाद नगर की टीम ने आदेश को क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से सार्वजनिक कराया और आरोपी समीर उर्फ सैंडी व उसके परिजनों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया.

## सौतेले बेटों ने बुजुर्ग पर किया हमला

**इंदौर.** विजयनगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ उसके सौतेले बेटों ने मारपीट कर दी. देर रात मालवीय नगर स्थित मातेश्वरी किराना दुकान के पास हुई. फरियादी जम्मो कुमार जैन निवासी कालीदास कॉलोनी झालावाड़ ने बताया कि उनकी दूसरी पत्नी के बेटे नवीन, आकाश और आशीष अहिरवार घर में शोरगुल कर रहे थे. मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज की और लात-मुक्कों से हमला कर दिया. मारपीट में फरियादी की आंख के पास चोट लगी और खून निकल आया. विजयनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

## छात्राओं ने सीखा मिट्‌टी के गणेश बनाने का हुनर



**इंदौर.** जल एवं तालाब संरक्षण समिति और लायंस क्लब ऑफ इंदौर उड़ान द्वारा रविवार को सृजन से विसर्जन अभियान के अंतर्गत मिट्‌टी से गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया. यह कार्यक्रम शासकीय उत्कर्ष कन्या छात्रावास, ओल्ड जीडीसी कॉलेज कैंपस में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रशिक्षक बिंदु मेहता ने छात्राओं को प्रतिमा बनाने की विधि सिखाई, वहीं मेघा बर्वे ने मिट्‌टी की प्रतिमा की स्थापना और विसर्जन की पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रिया समझाई. कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह मिट्‌टी की प्रतिमाओं को प्रोत्साहित कर जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना है. इस अवसर पर लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन श्वेता खनूजा, जोन चेयरपर्सन रेणुका चंदेल, अध्यक्ष वत्सला अजमेरा, सचिव जयंती अभ्यंकर, उपाध्यक्ष पल्लवी, चार्टर पर्सन इंदु भंडारी उपस्थित रहीं. छात्रावास की वार्डन लायन जानकी और लायन डॉक्टर सरोज भी कार्यक्रम में शामिल हुए.

## रोटरी क्लब महू का शपथ विधि समारोह संपन्न

**इंदौर.** सत्र 25-26 के लिये रोटरी क्लब महू के मनोनीत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारणी सदस्यों का शपथ विधि समारोह पूर्व मंडलाध्यक्ष 24-25 अनीस मलिक, आगामी मंडलाध्यक्ष 26-27 संस्कार कोठारी के मुख्य आथित्य में सपंत्र हुआ. शपथ अधिकारी पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष अखिलेश महेश्वरी जी ने नवीन अध्यक्ष रमेश जैन 'राही', सचिव आशिष जैन, कोषाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, सहसचिव प्रकाश वर्मा, दीपक यादव, एवं कार्यकारणी सदस्य डॉ.राकेश शारदा, डॉ.सी.एस शर्मा, डॉ.राहुल मेवाड़ा, डॉ.राखी, डॉ.बी.के ठक्कर, ॠषिराज शर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल, रवि,फकरुद्दीन, विट्ठल अग्रवाल, सुधीर गोयल, संतोष गायकवाड़, विजय गोयल, राजेश बियानी, प्रमोद दीक्षित, धर्मेंद्र सावलानी को पद एवं पद निर्वहन की रोटरी के प्रति समर्पण की शपथ दिलायी गयी.

# शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव


- युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सोशल मीडिया पर शुरू हुई दोस्ती ने एक युवती की ज़िंदगी को मुश्किलों में डाल दिया. आरोपी युवक न सिर्फ़ उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, बल्कि शादी के नाम पर उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालने लगा. विरोध करने पर युवती को धमकियां भी दी गईं. युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.**

खजराना थाना क्षेत्र की एक 24 वर्षीय युवती ने अपने परिचित युवक पर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है. युवती का कहना है कि आरोपी शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा और बाद में उस पर ईसाई धर्म अपनाने की शर्त रखी. मना करने पर वह धमकाने और ब्लैकमेल करने लगा. पीड़िता ने पुलिस को बतायाकि वह केयर टेकर का काम करती है. करीब डेढ़ साल पहले उसकी पहचान अर्पित भलराय निवासी संजीव नगर, खजराना से सोशल मीडिया पर हुई थी. अर्पित ने खुद को टेलीपरफॉरमेंस कंपनी का कर्मचारी बताया और मुलाकात के दौरान उसे अपने घर बुलाकर संबंध बनाए. इसके बाद भी वह अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा. युवती का कहना है कि उसने अर्पित को अपनी शादीशुदा होने की जानकारी दी थी, लेकिन आरोपी ने इसे नज़रअंदाज़ करते हुए शादी का भरोसा दिलाया. कुछ समय बाद जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने कहा कि विवाह तभी होगा जब वह ईसाई धर्म अपनाएगी. इसके साथ ही उसने धमकी दी कि यदि युवती ने इंकार किया तो उसके पास मौजूद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा. आरोपी के दोस्तों ने भी उसे धर्म बदलकर शादी करने पर पांच लाख रुपए देने का लालच दिया.





**हिंदूवादी संगठन के पास पहुंची पीड़िता**

धमकियों से परेशान युवती ने घटना की जानकारी हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत और उनके साथियों को दी. आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी को पकड़ा तो उसके मोबाइल में अन्य हिंदू लड़कियों की चैटिंग और आपत्तिजनक वीडियो भी मिले. पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है. मामले में थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अर्पित भलराय के खिलाफ बलात्कार, धमकाने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी को फरारी में मदद करने वाला पिता भी हिरासत में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कई महीनों से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी दुष्कर्म आरोपी प्रिंस को आजाद नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.** आरोपी पर आरोप है कि उसने गांव की एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म किया था. फरारी के दौरान आरोपी को उसके पिता विजय द्वारा संरक्षण दिया जा रहा था, जिस पर पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में गठित विशेष टीम आरोपी की तलाश कर रही थी. इसी दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी और आरोपी 20 वर्षीय प्रिंस पिता विजय भुसारे, निवासी ग्राम ककरिया, थाना हरनगांव, जिला देवास को दबोच लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग पीड़िता को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है. आरोपी के खिलाफ थाना आजाद नगर में प्रकरण दर्ज था, अब मामले में बीएनएसएस की धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा भी जोड़ी गई हैं. मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पिता विजय ने पुत्र को फरार रहने में मदद की और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह किया. इस कारण उसे भी विधिवत गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में अपहृता को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंपा गया है. लंबे समय से परेशान परिजनों ने राहत की सांस ली. उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने विशेष जांच दल का गठन किया था. पुलिस की सफलता पर डीसीपी जोन-01 विनोद कुमार मीना ने टीम को प्रोत्साहन स्वरूप नगद पुरस्कार प्रदान किया है.



## शिक्षक का बेटा रहस्यमय तरीके से लापता

- 15 अगस्त को पोहा खाने निकला किशोर अब तक घर नहीं लौटा
- परिजन लगातार कर रहे खोजबीन, अनहोनी की आशंका

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र से शिक्षक का नाबालिग बेटा रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है. परिजन लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन दो दिन गुजर जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा. इससे परिवार में अनहोनी की आशंका गहराने लगी है, मामले में पुलिस जांच में जुटी.**

दिव्या विहार कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय आकाश राठौर 15 अगस्त को घर से निकला था. उसने छोटी बहन से कहा था कि वह पोहा खाने जा रहा है, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा. काफी देर इंतजार के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजन बाणगंगा थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि आकाश 15 अगस्त की सुबह स्कूल गया था और दोपहर को घर लौट आया था, इसके बाद वह अचानक घर से निकल गया. आकाश गुजराती कॉलेज में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र है. उसके पिता प्राइवेट शिक्षक हैं और मां भी नौकरी करती हैं. परिवार ने रिश्तेदारों तक सूचना भेजी, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिली. आकाश मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और कुछ साल पहले ही परिवार के साथ इंदौर आया था. लगातार दो दिन बीत जाने के बाद से घर में मातम जैसे हालात हैं. पुलिस ने लापता किशोर की तलाश तेज कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.



## उत्कृष्ट कार्य के लिए पाठक पुरस्कृत

**इंदौर.** बाल विवाह कुप्रथा रोकथाम को लेकर किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता कोर ग्रुप के सक्रिय सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर आशीष सिंह ने सम्मानित किया.

## मित्रो एवं शिष्यों ने उस्ताद का जन्मदिन मनाया

**इन्दौर.** विगत दिन गोमा की फेल स्थित हीरालाल उस्ताद अखाड़ा परिसर मे वरिष्ठ कोंग्रेसी रमेश उस्ताद का भावभीनी अंदाज मे जन्मदिन मनाया गया. क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग उस्ताद को साफा बाँध कर और मिठाइयों के साथ बधाई देने पहुंच रहे थे. उल्लेखनीय है कि रमेश उस्ताद की राजनीती और सामाजिक गतिविधियों मे निरंतर सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास मे भी सहभागीता रहती है एवं सभी की सुन कर तुरंत निर्णय लेने की महारत उस्ताद में बरकरार है. इसी मोके पर मालवामिल गणेश उत्सव सिमिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह भी उस्ताद का अभिनन्दन करने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचे.

**समस्या** — मामला वार्ड 85 के द्वारकापुरी 60 फीट रोड का

# नलों में आ रहा गंदा पानी, बोरिंग के भरोसे रहवासी

**इंदौर. स्वच्छता के बाद स्वस्थ शहर बनाने की बातें करने वाला नगर निगम आज तक शहर के घर घर पहुंचने वाले पानी को शुद्ध नहीं कर पाया. जबकि स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण जीवन रेखा मानव के लिए पानी ही होता है.**

ऐसा ही दूषित पानी का मामला वार्ड क्रमांक 85 में देखने को मिला है. इस वार्ड के अधिकतम क्षेत्र में दूषित पानी ही पहुंच रहा है जिससे वार्ड वासी त्रस्त हो चुके हैं. वार्ड के ही द्वारकापुरी 60 फीट रोड के पीछे बगीचे वाले रोड पर देखने को मिला है यहां घरों घर जल योजना के अंतर्गत नर्मदा का पानी पहुंचाया गया लेकिन घरों के नलों में जो पानी लोगों को मिलता है वह गंदा और बदबूदार होता है, जो पीने के योग नहीं होता. न ही उससे कुछ बना सकते हैं. ऐसे में लोगों को आसपास के क्षेत्र में लगे बोरिंग का सहारा लेना पड़ता है. बताया तो यह भी जाता है कि ज्यादा शिकायत करने पर अधिकारी खुद आकर बोल जाते हैं कि उपभोक्ता खुद अपने खर्चे से खराब पॉइंट को ढूंढकर मरम्मत करवा लें या फिर कर्मियों को देखकर उनसे करवा लें. मध्यम वर्ग परिवार मजबूरन इधर-उधर से पानी की जुगा+ड़ करते रहते हैं.



### इनका कहना है ...



पिछले कई समय से क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या चल रही है. कई बार शिकायत की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ. तीन महीने से 30 रुपए में पानी खरीद कर लाना पड़ रहा है.
**- रितेश श्रीवास्तव**



पानी तो हर रोज एक से डेढ़ घंटे आता है लेकिन ज्यादा गंदा होता है, जो इस्तेमाल करने योग्य नहीं है. उस पानी से अगर नहाते हैं तो खुजली की बीमारी हो जाती है.
**- उषा बाई सोन**



बरसात कारण नहीं है. कई महीनों से हर रोज गंदा पानी आता है. मजबूरन वही इस्तेमाल करना पड़ता है. आए दिन परिवार में कोई न कोई बीमार होता है शुद्ध पानी कहां से लाएं.
**- रूबी कोटवाल**